Mahendra's

# UP Police कांस्टेबल / UP लेखपाल

**HINDI**

# हिन्दी व्याकरण – शब्द भेद

## वस्तुनिष्ठ प्रश्नों सहित

**भाग 4**



3:00 PM

LIVE

1.अकर्मक क्रिया वह होती है-

(a) जिसका कर्म नहीं होता

(b) जिसका कर्म सम्भव ही नहीं होता

(c) जिसका कर्म होता है

(d) दो क्रियाओं का मेल

2.क्रिया विशेषण को आप मानेंगे -

(a)विकारी शब्द

(b) अविकारी शब्द

(c) अकर्मक

(d) निपात

**क्रिया-**जिन शब्दों से किसी कार्य का होना या करना व्यक्त होता है, उन्हें क्रिया कहते हैं, जैसे-
खाना, पीना, सोना, हँसना
**धातु** – क्रिया के मूल रूप को धातु कहते हैं। 'धातु' से ही क्रिया पद का निर्माण होता है इसलिए क्रिया के सभी रूपों में 'धातु' उपस्थित रहती है **1. मूल धातु 2.यौगिक धातु**
क्रिया के भेद-रचना की दृष्टि से क्रिया के दो भेद हैं

**1. सकर्मक क्रिया**
**2. अकर्मक क्रिया**

**1.सकर्मक क्रिया**- जो क्रिया कर्म के साथ आती है, उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं, जैसे -
मोहन फल खाता है। (खाना क्रिया के साथ कर्म फल है)
सीता गीत गाती है। (गाना क्रिया के साथ गीत कर्म है)

**2.अकर्मक क्रिया-** अकर्मक क्रिया के साथ कर्म नहीं होता तथा उसका फल कर्ता पर पड़ता है, जैसे -
राधा रोती है। (कर्म का अभाव है तथा रोती है क्रिया का फल राधा पर पड़ता है।)
मोहन हँसता है।(कर्म का अभाव है तथा हँसता है क्रिया का फल मोहन पर पड़ता है।)

3.'सुमित सोता हैं' वाक्य में क्रिया का भेद
(a) अकर्मक
(b) सकर्मक
(c) प्रेरणार्थक
(d) द्विकर्मक

4.कौन-सा शब्द क्रिया विशेषण है?
(a) तेज
(b) पहला
(c) मात्र
(d) इनमें से कोई नहीं

**(1) क्रिया -विशेषण** चार प्रकार के होते हैं-

**(i)स्थानवाचक-**

(अ) स्थितिवाचक-यहाँ, वहाँ, भीतर, बाहर।

(ब) दिशावाचक-इधर, उधर, दाएँ, बाएँ।

**(ii) रीतिवाचक-**

(1) कारणबोधक: इसलिए, अतएव, क्यों,

(2) निषेधबोधक : नहीं, मत

(3) स्वीकारबोधक: हाँ, जी अच्छा, अवश्य, ठीक, बेशक

(4) निश्चयबोधक वस्तु : निःसन्देह, यथार्थतः, अवश्य, बेशक, अलबत्ता, ज़रूर

(5) अनिश्चयबोधक यथासम्भव, कदाचित्, सम्भवतः, शायद,

(6) प्रश्नबोधक: कहाँ, क्यों, कब क्या

**(iii) परिमाणवाचक (मात्रात्मक) विशेषण-**

(अ) अधिकताबोधक- बहुत, खूब, अत्यन्त, अति (ब) न्यूनताबोधक-जरा, थोड़ा, किंचित्, कुछ

(स) पर्याप्तिबोधक-बस, यथेष्ट, काफी, ठीक (द) तुलनाबोधक-कम, अधिक, इतना, उतना

(य) श्रेणिबोधक-बारी-बारी, तिल-तिल, थोड़ा-थोड़ा

**iv) कालवाचक विशेषण -**

(अ) समयवाचक- -आज, कल, अभी, तुरन्त (ब) अवधिवाचक - रात भर, दिन भर, आजकल, नित्य(स) बारम्बारतावाचक- हर बार, कई बार, प्रतिदिन

महेंद्र और सुरेंद्र मित्र हैं इन दो संज्ञा शब्दों को जोड़ने के लिये प्रयुक्त और शब्द क्या हैं

(1)क्रिया –विशेषण(2)संबंधबोधक शब्द
(3)समुच्चयबोधक शब्द(4)विस्मयादिबोधक शब्द

महेंद्र और सुरेंद्र मित्र हैं लेकिन राम और श्याम मित्र नहीं हैं वाक्य में प्रयुक्त लेकिन शब्द हैं ?

(1)क्रिया –विशेषण(2)संबंधबोधक शब्द
(3)समुच्चयबोधक शब्द(4)विस्मयादिबोधक शब्द

अरे! महेंद्र और सुरेंद्र तो मित्र हैं फिर उनमें विवाद कैसे हो सकता हैं? में प्रयुक्त अरे! शब्द हैं

(1)क्रिया –विशेषण(2)संबंधबोधक शब्द
(3)समुच्चयबोधक शब्द(4)विस्मयादिबोधक शब्द

**सम्बन्धबोधक (Preposition )-**

जिसके द्वारा वाक्य में किसी संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्द का सम्बन्ध किसी अन्य शब्द भेद के साथ प्रकट हो, उसे 'सम्बन्धबोधक' कहते हैं।

उदाहरण के लिए,

पूर्वा  छत पर खड़ी है।

पूर्व वृक्ष के नीचे बैठा है।

**सम्बन्धबोधक अव्यय-**

आगे, पीछे, बीच, परे, सामने, ऊपर, नीचे, मध्य, दरम्यान,
समीप, निकट, नजदीक, पास, भीतर, बाहर, अन्दर, नीचे, ऊपर, तले
आगे, पीछे, पूर्व, पहले, तक, बीच, आस-पास, लगभग, बाद,उपरान्त,
पश्चात् ,प्रति, आस-पास, पार, आर-पार, तरफ़, ओर ज़बानी, सहारे, कर,
द्वारा, ज़रिये, निमित्त, मार्फत,निमित्त, लिए, लाहिने, फारे, कारण, चलते,
ख़ातिर, हेतु, वास्ते ,भरोसे, जान, बाबत, निस्बत, नाम, लेखे, विषय
रहित, विहीन, बिना, गैर, अलावा, अतिरिक्त सिवा ,एवज, पलटे, बदले,
जगह इत्यादि

**समुच्चयबोधक (Conjunction)-**

जो अव्यय दो शब्दों, वाक्यों अथवा वाक्य-खण्डों को एकत्र कर उनका पारस्परिक योग अथवा पृथकत्व सूचित करे, उसे 'समुच्चयबोधक' कहते हैं। उदाहरण के लिए,

1. राम ने खाना खाया और सो गया।
2. उसने बहुत समझाया लेकिन किसी ने उसकी बात नहीं मानी।
3. अगर तुम बुलाते तो मैं जरुर आता।

समुच्चयबोधक अव्यय के 2 मुख्य भेद हैं,-

1. समानाधिकरण
2. व्याधिकरण

1. समानाधिकरण :दो मुख्य वाक्यों को जोड़नेवाले अव्यय को 'समानाधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय' कहते हैं। जैसे - और, व, तथा, भी, अथवा, किंवा, या, चाहे, न कि, लेकिन, किन्तु, मगर, पर, बल्कि, अपितु,

2.व्याधिकरण : जिन अव्ययों के द्वारा मुख्य वाक्य में आश्रित/ उपवाक्य जोड़े जाते हैं, वे 'व्याधिकरण समुच्च्यबोधक अव्यय' कहलाते हैं। जैसे - कि, चूँकि, क्योंकि, इसलिए कि, कारण कि, जो कि,ताकि, जो, इसलिए,

## विस्मयादिबोधक (Interjection or Exclamatory)-

जो शब्द हृदय में अचानक उठनेवाले भावों को प्रकट, करे, वह 'विस्मयादिबोधक' कहलाता है। इनका सम्बन्ध वाक्य में किसी दूसरे शब्द के साथ नहीं रहता।

उदाहरण के लिए,

हाहा!, वाह-वाह!, जय! शाबाश! धिक् ! छिः छिः! बाप रे! राम-राम ! मेरे अल्लाह ! ओ गॉड! इत्यादि

1. आश्चर्यबोधक : बाप रे बाप! तोबा-तोबा!, अरे ! वाह ! ओहो! हैं! क्या! सच! लो! इत्यादि
2. शोक/दुःखबोधक : त्राहि-त्राहि ! ओफ्फ! आह ! ओह ! उफ्फ! सी! हाँ! इत्यादि
3. हर्ष/आनन्दबोधक : शाबाश! वाह-वाह! वाह ! धन्य! जय ! अहा ! ओह ! इत्यादि
4. विवशताबोधक : काश! कदाचित् इत्यादि
5. अनुमोदनबोधक: शाबाश! वाह ! अच्छा! अवश्य! जी! हाँ! ठीक! बहुत अच्छा ! इत्यादि
6. तिरस्कारबोधक : आक् थू! धिक्! धत् !, छिः हट! अरे! दूर! छि:-छिः! अरे राम! तोबा-तोबा ! इत्यादि
7. स्वीकारबोधक : जी अच्छा! अच्छा जी! हाँ, जी हाँ! ! ठीक! अच्छी बात ! जी-जी इत्यादि
8. सम्बोधनबोधक : हे ! हो! ओ! अरे ! अजी! लो ! अहो ! अहो इत्यादि
9. भयबोधक : हाय अल्लाह! अरे बाप रे! उई माँ! त्राहि माम्! पाहि माम! बचाओ! दइया रे! दइया-री-दइया! बाप रे बाप! इत्यादि
10. विदाबोधक: बाय-बाय! टाटा! अच्छा! अच्छा जी! ठीक है! इत्यादि

5.वाच्य कितने प्रकार के होते हैं?

(a) 3

(b) 4

(c) 5

(d) 8

6.'मोहन से चला नहीं जाता' में कौन-सा वाच्य है?

(a) कर्मवाच्य

(b) भाववाच्य

(c) कर्तृवाच्य

(d) इनमें से कोई नहीं

**1.कतृवाच्य**–क्रिया के उस रूपान्तरण को कतृवाच्य कहते हैं जिससे वाक्य में कर्ता की प्रधानता का बोध हो, जैसे–

• राम ने पानी पिया। • मैंने पुस्तक पढ़ी। • सीता जाती है।

**2.कर्मवाच्य** – क्रिया के उस रूपान्तरण को कर्मवाच्य कहते हैं, जिससे वाक्य में कर्म की प्रधानता का बोध हो, जैसे

• पुस्तक पढ़ी जाती है। • भाषण दिया जाता है। • लेख लिखा गया।

**3.भाववाच्य**–क्रिया का वह रूपान्तर भाववाच्य कहलाता है जिससे वाक्य में 'भाव' (या क्रिया) की प्रधानता का बोध होता है, जैसे –

(i) मुझसे चला नहीं जाता। (ii) उससे चुप नहीं रहा जाता।

iii) सीता से दूध नहीं पिया जाता।

7.अव्यय कितने प्रकार के होते हैं?

(a) 3

(b) 4

(c) 5

(d) 6

8.अविकारी शब्द होता है

(a) संज्ञा

(b) सर्वनाम

(c) विशेषण

(d) अव्यय

9.'मैं जल्दी जाऊँगा **ताकि** आराम कर सकूँ में काला मोटा छपा शब्द क्या है?
(a) क्रिया विशेषण
(b) सम्बन्ध बोधक
(c) समुच्चय बोधक
(d) विस्मयादि बोधक

10.निम्नलिखित में से विकारी शब्द कौन-सा है?
(a) आज
(b) यथा
(c) परन्तु
(d) लड़का

11.निम्नलिखित में से अव्यय शब्द कौन सा हैं -
(a)आज
(b)इधर
(c)यहाँ
(d)उपर्युक्त सभी

12.निम्नलिखित में विकारी शब्द कौन सा हैं ?
(a)आज
(b)यथा
(c)परन्तु
(d)लड़का

13.निम्नलिखित में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया है ?
(a) प्रयाग भात खाता है।
(b) ज्योति रोती है।
(c) राधा फूल तोड़ती हैं ।
(d) राम क्रिकेट खेलता हैं ।

14.निम्नलिखित वाक्यों में से कौन-सा वाक्य है जिसकी क्रिया कर्ता के लिंग के अनुसार ठीक नहीं है?
(a) राम आता है।
(b) घोड़ा दौड़ता है।
(c) हाथी सोती है।
(d) लड़की जाती है।

15.निम्नलिखित वाक्य किस अपव्यय से पूरा होगा? आज धन...............कोई नहीं पूछता।
(a)के बिना
(b)साथ
(c)तक को
(d)कहाँ

16.जिसका अस्तित्व होता है या होने की कल्पना की जा सकती है, उसे क्या कहते हैं?
(A) संज्ञा
(B) वस्तु
(C) क्रिया
(D) विशेषण

17.वस्तुओं का नाम बताने वाले शब्द क्या हैं?
(A) संज्ञा
(C) विशेषण
(B) सर्वनाम
(D) क्रिया

18.अमीरी, गरीबी, जवानी, बुढ़ापा आदि शब्द किस संज्ञा के अंतर्गत हैं?
(A)भाववाचक
(B) जातिवाचक
(C) समूहवाचक
(D) व्यक्तिवाद

19.संज्ञा की रूप रचना के आधार
(A) सर्वनाम ,विशेषण और क्रिया
(B) लिंग,वचन और कारक
(C) उपसर्ग, प्रत्यय और संधि
(D) संधि,समास और प्रत्यय ,लिंग

20.निम्नलिखित में कौनसा शब्द सदैव स्त्रीनिंग में ही प्रयुक्त होता है?
(A) बस
(B) हिमालय
(C) बनावट
(D) लड़कपन

21.कवि' का स्त्रीलिंग रूप  है ?

(a)कवयित्री

(b)कवियित्री

(c)कवित्री

(d)कवित्री

22.'आलस्य' शब्द का विशेषण क्या है?

(a)आलस

(b)अलस

(c)आलसीपन

(d)आलसी

23.निम्नलिखित में से कौन सा शब्द गुणवाचक विशेषण है?
(a) बलवान
(b) थोड़ा
(c) पाँच
(d) आप

24.निम्नलिखित वाक्यों में से एक वाक्य में विशेषण संबंधी अशुद्धि नहीं है। वह कौन-सा है?
(a) उसमें एक गोपनीय रहस्य है।
(b) आप जैसा अच्छा सज्जन कौन होगा?
(c) कहीं से खूब ठंडा बर्फ लाओ
(d) वहाँ ज्वर की सर्वोत्कृष्ट चिकित्सा होती है।

25.'प्रविशेषण' बताते हैं:
(a) विशेषण का भेद
(b) विशेषणों का भाव
(d) विशेषणों के गुण
(c) विशेषणों की विशेषता

26.निम्नलिखित संज्ञा-विशेषण जोड़ी में कौन-सा सही नहीं है?
(b) पिता-पैतृक
(a) विष-विषैला
(d) प्रांत-प्रांतिक
(c) उन्नति-उन्नत

27.राष्ट्र शब्द हैं ?
(a)तत्सम
(b)तद्भव
(c)विदेशज
(d)देशज

28.लोटा शब्द हैं ?
(a)तत्सम
(b)तद्भव
(c)विदेशज
(d)देशज

(29)निम्न में विकारी शब्द नहीं हैं ?
(i) संज्ञा
(ii)सर्वनाम
(iii)विशेषण
(iv) क्रिया विशेषण

(30)विकारी शब्द हैं ?
(a)1
(b)5
(c)4
(d)3

# उत्तरमाला-

1.(a) जिसका कर्म नहीं होता 2.(b) अविकारी शब्द 3.(a) अकर्मक 4.(a) तेज
5.(a)3 6.(b) भाववाच्य 7.(b) 4 8.(d) अव्यय 9.(c) समुच्चय बोधक 10.(d) लड़का
11.(d)उपर्युक्त सभी 12.(d)लड़का 13.(b) ज्योति रोती है। 14.(c) हाथी सोती है।
15.(a)के बिना 16.(B) वस्तु 17.(A) संज्ञा 18. (A)भाववाचक 19. (B) लिंग,वचन और कारक
20. (A) बस 21. (a)कवयित्री 22.(d)आलसी 23. (a) बलवान 24.(d) वहाँ ज्वर की सर्वोत्कृष्ट चिकित्सा होती है। 25.(c) विशेषणों की विशेषता 26. (d) प्रांत-प्रांतिक
27. (a)तत्सम 28. (d)देशज 29.(iv) क्रिया विशेषण 30. (c)4

Mahendra's

# धन्यवाद....